Chapter- 13

पाठशाला

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- यह एक पाठशाला के एक कक्षा का दृश्य है।
- संगीत के माष्टरजी के डाँटने के कारण सारे बच्चे चुप हैं।
- भूगोल के अध्यापक वेणुगोपाल जी के आते ही फिरसे हलचल शुरू हो गई।
- वेणुगोपाल जी ने एक लड़के को कॉपियाँ इकट्ठी करने का आदेश दिया और जो लड़के कॉपी नहीं लाए थे उन्हे मुर्गा बनने का आदेश दिया।
- जब उन्होंने नरेंद्र की कॉपी जाँची तो उन्हे एक सवाल का जवाब गलत लगा।
- उन्होंने नरेंद्र से पूछा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी कौनसी है ?
- नरेंद्र ने जवाब दिया वाशिंगटन।
- वेणुगोपाल जी ने कहा गलत जवाब। अगर तुम्हे नहीं पता तो पिताजी से पूछते या किताब से देख लेते।
- नरेंद्र ने कहा जब मुझे उत्तर पता है तो फिर किसी से क्यों पूछता।
- वेणुगोपाल जी गुस्सा हो कर नरेंद्र को पीटने लगे।
- पिटाई होने पर भी नरेंद्र ने अपना जवाब नहीं बदला।
- वेणुगोपाल जी को संदेह होने लगा, कही वे स्वयं ही गलत तो नहीं।
- जब उन्होने किताब खोलकर देखा तो नरेंद्र का जवाब सही पाया।
- उन्होने नरेंद्र की दृढ़ता और सत्यवादिता की प्रशंसा की।
- यही नरेंद्र बड़ा होकर स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुआ।
- सत्य पर अटल विश्वास और तर्कशक्ति के बल पर ही उन्होने संसार में नाम कमाया।
- उनका जन्म १२ जनवरी १८६३ को हुआ था।
- उनके गुरू का नाम श्री रामकृष्ण परमहंस था।
- गुरू से प्रेरित होकर विवेकानंद ने वेदों का प्रचार किया।
- विवेकानंद न सिर्फ सत्यप्रिय और दृढ़निश्चय वाले था बल्कि गुरूभक्त तथा देशप्रेमी भी थी।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

अभ्यास के लिए

मौखिक

१. **श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास –**

मास्टर	भूगोल	अध्यापक
राजधानी	असहनीय	सत्य
फुसफुसाहट	स्वरूप	कॉपियाँ
प्रचार		

२. **कम से कम शब्दों मे उत्तर दीजिए –**

क) बच्चों को किसने डाँटा था ?

उ- बच्चों को संगीत के मास्टर जी ने डाँटा था।

ख) भूगोल के अध्यापक जी का नाम बताइए।

उ- भूगोल के अध्यापक जी का नाम वेणुगोपाल था।

ग) कॉपियाँ इकट्ठी कौन कर रहा था ?

उ - कक्षा का एक लड़का कॉपियाँ इकट्ठी कर रहा था।

घ) वेणुगोपाल जी का स्वभाव कैसा है ?

उ - वेणुगोपाल जी उग्र स्वभाव वाले हैं।

ङ) आज तक क्या नहीं हुआ था ?

उ - आज तक वेणुगोपाल जी से मार खाने पर लड़के अपनी गलती मान जाते थे परंतु आज नरेंद्र की इतनी पिटाई होने पर भी वह अपनी बात पर अड़ा रहा।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

लिखित

१. **दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए –**

(को, के, की, ने, पर, में, का)

क) संगीत **के** मास्टर जी ने बड़ी करारी डाँट।

ख) एक लड़के **को** कॉपियाँ इकट्ठी करने का आदेश दिया।

ग) वेणुगोपाल जी **ने** दो-तीन कॉपियाँ ही जाँची थीं।

घ) संयुक्त राज्य अमेरिका **की** राजधानी कौन-सी है?

ङ) इतने वर्षों **में** न जाने कितने शरारती और बदतमीज़ लड़कों की अकल ठिकाने लगाई है।

च) वे कुरसी **पर** बैठ गए।

छ) स्वामी विवेकानंद जी **का** जन्म १२ जनवरी १८६३ को हुआ था।

२. **निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

क) आज सारे बच्चे चुप क्यों थे?

उ - संगीत के मास्टर जी के डाँटने के कारण आज सारे बच्चे चुप थे।

ख) बछड़ा कैसा था?

उ - बछड़ा उजला था, एकदम सफ़ेद रंग का।

ग) जो बच्चे कॉपी नहीं लाए थे, उन्हे क्या सज़ा मिली।

उ - जो बच्चे कॉपी नहीं लाए थे, उन्हे मुर्गा बनने की सज़ा मिली।

घ) वेणुगोपाल जी ने नरेंद्र से क्या पूछा?

उ - वेणुगोपाल जी ने नरेंद्र से पूछा कि 'संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी कौन-सी है?'

ङ) वेणुगोपाल जी को अंत मे किस बात की खुशी हुई?

उ - वेणुगोपाल जी को इस बात खुशी हुई कि नरेंद्र मार खाने के बाद भी सत्य पर टिके रहे।

३. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।**

क) स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर एक परिच्छेद लिखिए।

उ - स्वामी विवेकानंद का जन्म १२ जनवरी १८६३ को हुआ था। इनके पिता का नाम विश्वनाथ दत्त और माँ का नाम विश्वनाथ दत्त और माँ का नाम भुवनेश्वरी देवी थी। विवेकानंद का वास्तविक नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। इनके पिता कलकत्ता हाइकोर्ट के प्रसिद्ध वकील थे। वे नरेंद्र

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

को अंग्रेजी पढ़ाकर पाश्चात्य सभ्यता में सम्मिलित कराना चाहते थे। परंतु नरेंद्र श्री रामकृष्ण परमहंस के प्रिय शिष्य बने जिन्होने उन्हे विवेकानंद नाम दिया विवेकानंद में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की उन्होने विश्‍व में भारत के सनातन धर्म का प्रचार किया। इनकी मृत्यु ४ जुलाई १९०२ को वेलूर के रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में हुई थी।

ख) ‘सत्य की हमेशा जीत होती है।‘ इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। (मूल्यपरक प्रश्न)

उ - सत्य ही भगवान है और सदा इसकी जीत होती है। सत्य के मार्ग पर चलने वाले को ज्यादा सोचना नहीं पड़ता। उसे कुछ समय का कष्ट मिल सकता है परंतु अंत में जीत हासिल होती है। जिस प्रकार से काले बादल सूरज को कुछ समय के लिए ढक सकते हैं परंतु हमेशा के लिए नहीं। उसी प्रकार असत्य, सत्य को कुछ समय के लिए ही ढक सकता है।‘ सत्य हमें दृढता प्रदान करता है और जीतने में सहायक होता है।

भाषाज्ञान

१. **निम्नलिखित वाक्यों में ‘ओर’ या ‘और’ का प्रयोग कीजिए -**

क) मोहन और सोहन पढ़ रहे हैं।

ख) पढ़ने के बाद वे घर की ओर जा रहे हैं।

ग) वे घर जाकर खाना खाते हैं और सो जाते हैं।

घ) सुबह उठकर वे बगीचे की ओर जाते हैं।

२. **आग से संबंधित मुहावरों द्वारा निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए -**

क) आज तो आग उगल रही है।

ख) रामू की करतूत सुनने ही उसके तन-बदन में आग लग गई।

ग) उसकी आँखों से आग बरसने लगे।

३. **ऊँचे स्वर में पढ़िए और समझिए।**

रु – र् उ - गुरु , रुपया , रुचि , रुई , रुक

रू - र् ऊ – शुरू , स्वरूप , रूप , रूमाल , रूखा

◆◆◆

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow